संख्या-15/2045/92-2014-145आरईएस/2004,

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता,
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

ग्रामीण अभियन्त्रण अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 30 मई, 2014

विषय :- भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित एवं प्रदेश में संचालित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यो के समुचित संचालन हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में सृजित अधिशासी अभियन्ता के 17 तथा अधीक्षण अभियन्ता के 01 अर्थात कुल 18 अधिसंख्य पदों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक शासनादेश संख्या- 560/92-2013-145आरईएस/2004,दिनांक 13 फरवरी, 2013 का क़पया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों के सुचारू सम्पादन हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में अधिशासी अभियन्ता वेतनमान रू0-15600-39100, ग्रेड पे-6600 के 16 पद तथा मुख्यालय लखनऊ में योजना के अनुश्रवण के लिये उक्त वेतनमान में ही अधिशासी अभियन्ता का 01 पद एवं अधीक्षण अभियन्ता वेतनमान रू0-37400-67000, ग्रेड पे-8700 का 01 पद अर्थात कुल 18 अस्थाई अधिसंख्य पदों का सृजन वित्त विभाग की सहमति से इस शर्त के अधीन किया गया था कि मूल संवर्ग में रिक्तियां होने पर इन अधिसंख्य पदों को समाहित कर लिया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 13 फरवरी, 2013 द्वारा अधिशासी अभियन्ता के 17 तथा अधीक्षण अभियन्ता का 01 अर्थात कुल 18 सृजित अधिसंख्य पदों को दिनांक 31-3-2015 तक अथवा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अस्तित्व में रहने/चलते रहने की अवधि तक के लिये जो भी पहले हो

http://shasanadesh.up.nic.in

तक की निरन्तरता बनाये रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

3- यह आदेश वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2 के अशासकीय संख्या-ई-2-469 /दस-2014, दिनांक 26-5-2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किया जा रहा है।

भवदीय,

मनोज कुमार सिंह
प्रमुख सचिव।

संख्या-15/2045(1)/92-2014-तद्दिनांक:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (प्रथम), उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
2- मुख्य अभियन्ता (पूर्वी/पश्चिमी क्षेत्र) ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-2, वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2, वित्त (लेखा) अनुभाग-1/2 एवं वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2 उत्तर प्रदेश शासन।
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

शिशिर कुमार यादव
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in